एक राष्ट्र एक चुनाव

प्रलिम्सि के लयि:

एक राष्ट्र एक चुनाव, लोकसभा, राज्यसभा, भारत का नरि्वाचन आयोग, जन प्रतनिधित्वि अधनियिम, 1951

मेन्स के लयि:

एक राष्ट्र एक चुनाव, महत्त्व और चुनौतयिाँ

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने **'एक राष्ट्र एक चुनाव'** (One nation One election- ONOE) योजना की व्यवहार्यता का पता लगाने के लयि **पूर्व राष्ट्रपत राम नाथ कोवदि** की अध्यक्षता में **एक पैनल का गठन** कयिा है।

- तार्ककि एवं अन्य चुनौतयिों के बावजूद भारत में लोकसभा (संसद) और राज्य वधिानसभाओं के **चुनाव एक साथ कराने** का वचिार लंबे समय से चर्चा का वषिय रहा है।

एक साथ चुनाव:

- **परचिय:**
  - एक साथ चुनाव कराने का वचिार, **भारतीय चुनावी चक्र** को इस तरह से संरचति करने को लेकर है कि **लोकसभा और राज्य वधिानसभाओं के चुनाव एक साथ** एवं नश्चिति समय के भीतर हों।
  - हालाँकि **वर्ष 1967 तक इस अवधारणा के तहत चुनाव आयोजति कयि गए**, लेकनि कार्यकाल समाप्त होने से पहले वधिानसभाओं और लोकसभाओं के बार-बार भंग होने के कारण यह अभ्यास धीरे-धीरे प्रचलन से बाहर हो गया।
  - वर्तमान में केवल कुछ राज्यों (आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडशिा और सक्किमि) की वधिानसभाओं के चुनाव ही लोकसभा चुनावों के साथ होते हैं।
- **लाभ:**
  - अगस्त 2018 में भारत के **वधि आयोग** द्वारा **एक साथ चुनावों पर जारी मसौदा रपिोर्ट** के अनुसार, **एक राष्ट्र एक चुनाव** के अभ्यास से **सार्वजनकि धन की बचत की जा सकती है, प्रशासनकि व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम कयिा जा सकेगा,** सरकारी नीतयिों का समय पर कार्यान्वयन होगा तथा चुनाव प्रचार के बजाय वकिास गतविधियिों पर ध्यान केंद्रति करते हुए वभिन्नि प्रशासनकि सुधार कयि जा सकेंगे।

एक साथ चुनाव कराने में चुनौतयिाँ:

- **व्यवहार्यता:**
  - संवधिान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्य वधिानसभाओं का कार्यकाल **पाँच वर्ष का होगा**, यदि इन्हें पहले भंग न कयिा जाए तथा अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परस्थितियिाँ भी उत्पन्न हो सकती हैं जसिमें वधिानसभाएँ पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलयि केंद्र अथवा राज्य सरकार का कार्यकाल पूरा होने से पहले सरकार गरिने की स्थति में ONOE योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है।
  - इस तरह के बड़े बदलाव के लयि संवधिान में संशोधन करने से न केवल वभिन्नि स्थतियिों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर वचिार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव **भवषि्य में कसिी प्रकार के संवैधानकि संशोधनों के लयि एक चतिाजनक मसिाल भी साबति हो सकते हैं।**
- **संघवाद के अनुरूप न होना:**

- ONOE का विचार 'संघवाद' की अवधारणा से सुमेलित नहीं है क्योंकि यह इस धारणा पर आधारित है कि संपूर्ण राष्ट्र "एक (One)" है जो कि अनुच्छेद 1 द्वारा भारत को "राज्यों के संघ" के रूप में वर्णित विचार का खंडन करता है।
- **वर्तमान स्वरूप का अधिक लाभकारी होना:**
  - बार-बार होने वाले चुनावों के कारण चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज़ सुनने की अधिक बार अनुमति देता है।
  - चूँकि राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के अंतर्निहित मुद्दे अलग-अलग होते हैं, इसलिये वर्तमान ढाँचा इन मुद्दों को पृथक रूप से हल करने में मदद करता है, जिससे अधिक जवाबदेही सुनिश्चित होती है।
- **EVM और VVPAT की आवश्यकता:**
  - **एक साथ चुनाव** के लिये लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) मशीनों **की आवश्यकता होगी।**
    - **भारतीय चुनाव आयोग (Election Commission of India- ECI)** ने वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंपी, जिसमें **संविधान तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951** में संशोधन का सुझाव दिया गया।
- **लागत संबंधी विचार:**
  - ECI ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि एक साथ चुनाव कराने के लिये पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी।
  - प्रत्येक 15 वर्ष की अवधि के बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ EVM और VVPAT की खरीद के लिये कुल लगभग 9,284.15 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी।
  - एक साथ चुनाव होने से चुनावों के लिये मशीनों को एकत्र करने हेतु भंडारण लागत में वृद्धि होगी।
- **मतदाता व्यवहार पर प्रभाव:**
  - कुछ राजनीतिक दलों का तर्क है कि यह मतदाताओं के व्यवहार को इस तरह से प्रभावित कर सकता है कि मतदाता राज्य चुनावों के लिये भी राष्ट्रीय मुद्दों को केंद्र में रखकर मतदान करेंगे जिससे बड़े राष्ट्रीय दल, राज्य विधानसभा तथा लोकसभा दोनों चुनावों में जीत हासिल कर सकते हैं और इस तरह क्षेत्रीय दल हाशिये पर चले जाएंगे।
- **चुनावी मुद्दे:**
  - राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव कभी-कभी अलग-अलग मुद्दों पर लड़े जाते हैं, और जब वे एक साथ आयोजित किये जाएंगे तो मतदाता मुद्दों के एक सेट को दूसरे की तुलना में अधिक महत्त्व दे सकते हैं।
- **जवाबदेही में कमी:**
  - प्रत्येक 5 वर्ष में एक से अधिक बार मतदाताओं का सामना करने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सतर्क रहते हैं। अंततः चुनावों के दौरान बहुत सारी नौकरियाँ भी सृजित होती हैं, जिससे ज़मीनी स्तर पर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है।

भारत में एक साथ चुनाव की व्यवस्था बहाल करना:

- **लॉ कमीशन वर्किंग पेपर (2018) की सिफारिशों के अनुसार,**
  - संविधान, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 तथा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं की प्रक्रिया के **नियमों में संशोधन के माध्यम से** एक साथ चुनाव बहाल किये जा सकते हैं। वर्ष 1951 के अधिनियम की धारा 2 में एक परिभाषा जोड़ी जा सकती है।
  - लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कामकाज़ के नियमों में संशोधन के माध्यम से अविश्वास प्रस्ताव को रचनात्मक अविश्वास मत से बदला जा सकता है।
  - त्रिशंकु विधानसभा अथवा संसद में गतिरोध को रोकने के लिये दल-बदल विरोधी कानून की शक्ति को कम किया जा सकता है।
  - लचीलापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आम चुनावों की घोषणा के लिये छह महीने की वैधानिक समय-सीमा को एक बार बढ़ाया जा सकता है।

वे देश जहाँ एक साथ चुनाव होते हैं:

- **दक्षिण अफ्रीका** में **राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं** के चुनाव **पाँच साल** के लिये **एक साथ** होते हैं और नगरपालिका चुनाव दो साल बाद होते हैं।
- **स्वीडन** में राष्ट्रीय विधायिका (Riksdag) और प्रांतीय विधायिका/काउंटी परिषद (Landsting) तथा स्थानीय निकायों/नगरपालिका विधानसभाओं (Kommunfullmaktige) के चुनाव चार साल के लिये **एक निश्चित तिथि** यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं लेकिन अधिकांश अन्य बड़े लोकतंत्रों में एक साथ चुनाव की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।
- **ब्रिटेन** में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता एवं पूर्वानुमेयता की भावना प्रदान करने के लिये निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान था कि पहला चुनाव 7 मई, 2015 को और उसके बाद हर पाँचवें वर्ष मई के पहले गुरुवार को होगा।
- **जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिये बुनियादी कानून का अनुच्छेद 67** अविश्वास के रचनात्मक वोट का प्रस्ताव करता है (पदाधिकारी को बर्खास्त करते हुए उत्तराधिकारी का चुनाव करना)।

आगे की राह

- हर कुछ महीनों में अलग-अलग स्थानों पर चुनाव होते हैं और इससे विकास कार्य बाधित होते हैं। इसलिये हर कुछ महीनों में विकास कार्यों प**आदर्श आचार संहिता** के प्रभाव को रोकने के लिये इस विचार पर गहन अध्ययन और विमर्श ज़रूरी है।
- इस बात पर आम सहमति होनी चाहिये कि देश को एक राष्ट्र, एक चुनाव की ज़रूरत है या नहीं। सभी राजनीतिक दलों को कम-से-कम इस मुद्दे पर विचार-विमर्श में सहयोग करना चाहिये, एक बार विवाद शुरू होने पर जनता की राय को ध्यान में रखा जा सकता है। एक परिपक्व लोकतंत्र होने के नाते भारत इस विचार-विमर्श के नतीजे का अनुसरण कर सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/simultaneous-elections-3